Title: Need to implement the M.A.R.R. Scheme to provide telecommunication facilities in the rural areas particularly in Agra and Faizabad.

श्री प्रभुदयाल कठेरिया (फिरोजाबाद) : अध्यक्ष महोदय, मैं कुछ कहने से पूर्व प्रतिपक्ष के साथी राजेश पायलट जी और कुरियन जी, जो कांग्रेस दल के बड़े नेता हैं से कहना चाहता हूं कि हम लोग भी प्रतिपक्ष में बैठे हैं, लेकिन आज जिस प्रकार का आचरण प्रतिपक्ष की ओर से हो रहा है।

... (व्यवधान)

श्री राजेश पायलट : अध्यक्ष जी, हमने इन्हें ४० साल झेला है, ये हमें कम से कम ४० महीने तो झेलें। विरोध को झेलना बड़ा भारी होता है।

... (व्यवधान)

श्री प्रभुदयाल कठेरिया : मैं भारत सरकार का ध्यान एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय की ओर दिलाना चाहता हूं। सन् १९९०-९१ में दूरसंचार व्यवस्था एम.ए.आर.आर. शुरू की गयी थी। भारत सरकार ने करोड़ों रुपया उस पर खर्च किया है। देश के सारे राज्यों में, ग्रामीण क्षेत्रों में भारत सरकार ने इस पर जो रुपया खर्च किया है वह बेकार जा रहा है और यह स्कीम समाप्त प्रायः गयी है। ग्रामीण क्षेत्रों में एम.ए.आर.आर. के लट्ठे गड़े हुए हैं, सारी बैटरियां सड़ गयी हैं, संचार व्यवस्था ठीक नहीं चल रही है। अरबों रुपया खर्च करने के बाद भी यह स्कीम ग्रामीण क्षेत्रों में काम नहीं कर रही है। अगर कोई आपदा आए और संचार व्यवस्था ठीक कार्य कर रही हो तो हम जिले या हैडक्वार्टर को उसकी सूचना दे सकते हैं, इसलिए

मैं आपके माध्यम से दूरसंचार मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि उस स्कीम एम.ए.आर.आर को ठीक कराया जाए, विशेषकर मैं अपने क्षेत्र आगरा, फैजाबाद की ओर आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं।